मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज


उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन 01 जुलाई, 2025



# मुविवि में राजर्षि टंडन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

टंडन जी की स्मृति में मुक्त विश्वविद्यालय में एक माह तक होंगे विविध आयोजन






भारतरत्न पुरुषोत्तम दास टंडन
जन्म 01 अगस्त 1882, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, भारत
मृत्यु 01 जुलाई 1962 (उम्र 79)
व्यवसाय राजनेता, स्वतंत्रता सेनानी
रानैतिक पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
पुरस्कार भारतरत्न (1961)



# पुण्यतिथि पर राजर्षि टंडन को मुक्त विश्वविद्यालय ने दी श्रद्धांजलि



उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में दिनां 01 जुलाई, 2025 को भारत रत्न राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने विश्वविद्यालय के गंगा परिसर एवं सरस्वती परिसर में स्थापित राजर्षि टंडन जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों में राजर्षि टंडन जी के प्रति नमन करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।








*गंगा परिसर में भारतरत्न राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन जी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 सत्यकाम जी*



















*राजर्षि टंडन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण*



राजर्षि टंडन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए
विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण




















विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित राजर्षि टंडन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए माननीय कुलपति जी एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

# राजर्षि की पुण्यतिथि पर मुक्त विश्वविद्यालय में स्मृति सभा




सरस्वती परिसर के लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभगार में समाज विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में राजर्षि टंडन स्मृति सभा का आयोजन किया गया।
प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत एवं विषय वस्तु संयोजक प्रोफेसर एस कुमार, निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा ने प्रस्तुत की। संचालन डॉक्टर सोहनी देवी एवं धन्यवाद ज्ञापन कुल सचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा, निदेशक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी, प्रोफेसर पी के स्टालिन, प्रोफेसर रुचि बाजपेई, प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्ता, प्रोफेसर छत्रसाल सिंह, प्रोफेसर श्रुति, प्रोफेसर जे पी यादव प्रोफेसर मीरा पाल एवं प्रोफेसर संजय सिंह, डॉ योगेश कुमार यादव एवं डॉ मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे। आदि उपस्थित रहे।

*कार्यक्रम का संचालन करती हुई डॉ0 सोहिनी देवी*






*अतिथियों का स्वागत एवं विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर सन्तोषा कुमार*



# युगानुकूल शिक्षा ही राजर्षि टंडन के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि – प्रोफेसर सत्यकाम




इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि राजर्षि टंडन सादगी की प्रतिमूर्ति थे। वह मानवता के पुजारी तथा भारत माता के अनन्य उपासक थे। आज हम सबको राजर्षि टंडन के दिखाए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। हमें गर्व है कि हमारा मुक्त विश्वविद्यालय राजर्षि टंडन जैसे महापुरुष के नाम से जुड़कर ख्याति प्राप्त कर रहा है। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि हमारा लक्ष्य इस विश्वविद्यालय को एक मानक विश्वविद्यालय बनाना है, जिसके लिए सभी शिक्षकों को अब इलेक्ट्रॉनिक मोड में पाठ्य सामग्री तैयार करने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल क्रांति का युग है। इसलिए हमें युग के अनुसार शिक्षा देने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। हम अपने छात्रों को युगानुकूल शिक्षा दे पाए तो यही भारत रत्न राजर्षि टंडन जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।





माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी





*धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कुलसचिव कर्नल विनय कुमार*



*राष्ट्रगान*

दिनांक 01 जुलाई, 2025 को भारतरत्न राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन की पुण्यतिथि पर विश्वविद्यालय के सभी क्षेत्रीय केन्द्रों पर क्षेत्रीय केन्द्रों के समन्वयकों एवं कर्मचारियों ने भारतरत्न राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया तथा उनके विचारों का अनुपालन करने का संकल्प लिया गया।

**क्षेत्रीय केन्द्र प्रयागराज**



**क्षेत्रीय केन्द्र आगरा**



**क्षेत्रीय केन्द्र वाराणसी**




**क्षेत्रीय केन्द्र अयोध्या**



**क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ**




**क्षेत्रीय केन्द्र नोएडा**




**क्षेत्रीय केन्द्र कानपुर**




**क्षेत्रीय केन्द्र बरेली**




**क्षेत्रीय केन्द्र गोरखपुर**



02 जुलाई, 2025

# मुक्त विश्वविद्यालय में स्वयंप्रभा कार्यक्रम की संचालन और क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के तिलक सभागार में सेंटर फॉर ऑनलाइन एजुकेशन के तत्वाधान में स्वयंप्रभा कार्यक्रम की संचालन और क्रियान्वयन के लिए विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में दिनांक 02 जुलाई, 2025 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा स्वयं प्रभा के नोडल प्रभारी डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने प्रस्तुत की। संचालन सेंटर फॉर ऑनलाइन सेंटर की सहायक निदेशक डॉ साधना श्रीवास्तव ने एवं धन्यवाद ज्ञापन सेंटर फॉर ऑनलाइन एजुकेशन सेंटर के डिप्टी डायरेक्टर डॉ सी.के. सिंह ने किया। स्वयंप्रभा कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी शिक्षकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय सभी विद्याशाखाओं के निदेशकगण, विश्वविद्यालय के शिक्षक, आचार्य, सह आचार्य एवं सहायक आचार्य के साथ–साथ विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ और कर्मचारी उपस्थित रहे।



*दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 सत्यकाम जी*




विश्वविद्यालय कुलगीत प्रस्तुत करते हुए असिस्टेन्ट प्रोफेसर (संवि.) श्री निकेत सिंह






कार्यक्रम का संचालन करती हुई सेंटर फॉर ऑनलाइन सेंटर की सहायक निदेशक डॉ0 साधना श्रीवास्तव






कार्यक्रम की रूपरेखा और मुख्य वक्ता के बारे में बताते हुए स्वयंप्रभा के नोडल प्रभारी डॉ0 ज्ञान प्रकाश यादव






माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सगत करते हुए डॉ0 सी0 के0 सिंह





अतिथिगणों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण






# मुक्त विश्वविद्यालय की परिकल्पना में स्वयं प्रभा एक निर्णायक कदम : प्रोफेसर मलिक




प्रोफेसर अजेंद्र कुमार मलिक

कार्यशाला के मुख्य वक्ता सेंटर फॉर ऑनलाइन एजुकेशन के निदेशक प्रोफेसर अजेंद्र कुमार मलिक ने विस्तार से सभी को स्वयंप्रभा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार से स्वयं प्रभा कार्यक्रमों का प्रारूप बनाया जाता है और वर्तमान में किस तरह से वर्चुअल दुनिया में स्वयंप्रभा कार्यक्रम शिक्षा और ज्ञान का विस्तार कर रहे हैं। तकनीकी संसाधनों और विज्ञान के युग में आम जनमानस तक शिक्षा को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को साकार करते उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की परिकल्पना में स्वयं प्रभा एक निर्णायक कदम होगा। स्वयं प्रभा कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 12 शिक्षकों के बनाए गए प्रस्ताव स्वीकृत हैं और इसी कड़ी में अन्य प्रस्तावों की भी रूपरेखा तैयार की गई।












## स्वयं प्रभा चौनल के लिए 400 वीडियो लेक्चर बनाएगा राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय : – प्रोफेसर सत्यकाम








कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कार्यशाला का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय में स्वयं प्रभा चौनल के लिए कार्यक्रम प्रारंभ करने की स्वीकृति मिल गई है। इसके लिए 400 वीडियो लेक्चर तैयार किए जाने हैं। इसके लिये लेक्चर की तैयारी पूरी कर लें। कार्यक्रमों की शूटिंग शीघ्र प्रारम्भ की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर ए के मलिक सभी समन्वयकों को शेड्यूल बनाकर वितरित करेंगे। कुलपति ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक 1000 वीडियो लेक्चर का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिन शिक्षकों ने अभी तक प्रपोजल नहीं दिया है वे शीघ्र अपना प्रपोजल दे दें। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि हमारा उद्देश्य डिस्टेंस एंड डिजिटल यूनिवर्सिटी के रूप में ख्याति अर्जित करना है। कार्यशाला के दौरान कलपति ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए प्रतिभागी शिक्षकों के उत्साह वर्धन के साथ–साथ तकनीकी और बुनियादी जानकारी साझा किया। उन्होंने बताया कि मुक्त विश्वविद्यालय स्वअध्ययन सामग्री के साथ–साथ अब तकनीकी रूप से भी समृद्धि और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। स्वयं प्रभा कार्यक्रम प्रसारण के जरिए आम जनमानस तक विभिन्न विषयों की जानकारी पहुंचाएगा।



07 जुलाई, 2025

# मुक्त विश्वविद्यालय में 70 कार्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ, आवेश ने MA-JMC में लिया स्पॉट एडमिशन






*प्रवेश प्रक्रिया सत्र जुलाई–2025 का शुभारम्भ करते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी*



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रारंभ किया नया कोर्स

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में सत्र जुलाई 2025–26 की प्रवेश प्रक्रिया सोमवार 07 जुलाई, 2025 को प्रारंभ दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने माउस दबाकर ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र में स्पॉट एडमिशन लेने वाले MA-JMC प्रथम वर्ष के छात्र श्री आवेश कुमार मौर्य को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने पाठ्य सामग्री प्रदान की। आवेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुक्त विश्वविद्यालय की पाठ्य सामग्री स्तरीय होने के कारण उन्होंने दूरस्थ शिक्षा से पढ़ाई करने का निर्णय लिया।



*प्रवेश प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देते हुए प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर जयप्रकाश यादव*









*स्पॉट एडमिशन लेने वाले MA-JMC प्रथम वर्ष के छात्र श्री आवेश कुमार मौर्य को अपने हाथों से पाठ्य सामग्री प्रदान करते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी*

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि विश्वविद्यालय ने प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्रियों के लिए तैयार किए गए प्रमाण पत्र कार्यक्रम में निःशुल्क शिक्षा की पहल की है। इसी कड़ी में उद्घाटन अवसर पर दो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों शकुंतला एवं पुष्पा पटेल को बाल विकास एवं पोषण शिक्षा प्रमाण पत्र कार्यक्रम में निःशुल्क प्रवेश दिया गया।




*आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों शकुंतला एवं पुष्पा पटेल को बाल विकास एवं पोषण शिक्षा प्रमाण पत्र कार्यक्रम में निःशुल्क प्रवेश देते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी*



कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने नव प्रवेशित शिक्षार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा सभी क्षेत्रीय समन्वयकों से अपील किया कि इस बार पिछले लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक लक्ष्य निर्धारित कर प्रवेश हेतु कार्य करें। अच्छा परिणाम देने वाले क्षेत्रीय केन्द्रों को पारितोषिक प्रदान किया जाएगा।

प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर जयप्रकाश यादव ने प्रवेश प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बर प्रथम वर्ष सेमेस्टर के सभी 70 प्रोग्राम में प्रवेश समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। जिसकी तैयारी पूरी कर विश्वविद्यालय ने पूरे प्रदेश में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की। इस अवसर पर कुलसचिव, वित्त अधिकारी, समस्त निदेशक, प्रभारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।



08 जुलाई, 2025

# शिक्षार्थियों को ज्ञान और कौशल युक्त करने के लिए यूपीआरटीओयू तथा फिजिक्सवाला में हुआ विचार मंथन




## ज्ञान को कौशल से जोड़ना समय की मांग : कुलपति

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ मिलकर अपने शिक्षार्थियों को ज्ञान और कौशल से युक्त करने के लिए नई राह पर चल रहा है। इसी कड़ी में नई शिक्षा नीति के तहत रोजगार सृजन से सम्बंधित पाठ्यक्रम निर्माण हेतु फिजिक्स वाला के साथ मंगलवार दिनांक 08 जुलाई, 2025 को माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम की अध्यक्षता में शिक्षाविदों एवं प्रोफेसर की उपस्थिति में गहन विचार विमर्श किया गया। विचार विमर्श में दोनों पक्षों ने यह सहमति जताई कि भविष्य में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत ज्ञान और कौशल को समाहित करने हेतु उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों के लिए ऐसे पाठ्यक्रम निर्मित किये जा सकते हैं जो भविष्य में युवाओं को रोजगारपरक एवं कौशल युक्त बना सके। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि ज्ञान को कौशल से जोड़ना समय की मांग है। जिस पर राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय अग्रसर हो रहा है। आज का यह विचार मंथन इसी दशा में आगे बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया।





*माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी की अध्यक्षता गहन विचार विमर्श करते हुए में शिक्षाविद एवं प्रोफेसर तथा फिजिक्स वाला के सदस्यों*







विचार विमर्श के दौरान मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, सीका के निदेशक प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता, प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर जे पी यादव, विश्वविद्यालय सभी विद्याशाखाओं के निदेशकगण, विश्वविद्यालय के शिक्षक, आचार्य, सह आचार्य एवं सहायक आचार्य के साथ–साथ विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ तथा फिजिक्सवाला की तरफ से कविता सिंह, मुंबई, सोनवीर सिंह, नई दिल्ली तथा संदीप शुक्ला प्रयागराज उपस्थित रहे।




# मुक्त विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

09 जुलाई, 2025





*एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत वृक्षारोपण करते हुए विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी*

## जलवायु परिवर्तन के इस दौर में वृक्ष ही हमें जीवन दायिनी शक्ति प्रदान कर सकते हैं : कुलपति

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी ने पौधरोपण महाभियान में अपना योगदान देते हुए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस उपलक्ष्य पर इन्द्रबेला एवं मलयागिरी के पौधे लगाए गए जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। यह पौधे विश्वविद्यालय के गंगा परिसर स्थित बैंक के सामने लगाए गये जिससे उनकी नियमित देखभाल हो सके, इसका संकल्प विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने मिलकर लिया है कि हम पौधे की देखभाल स्वयं करेंगे। इस अवसर पर वित्त अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा एवं कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने वृक्षारोपण किया।




एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत वृक्षारोपण करती हुई वित्त अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा

एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत वृक्षारोपण करते हुए कुलसचिव कर्नल विनय कुमार


















एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत वृक्षारोपण करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण




माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए यह अभियान सतत रूप से जारी रहेगा। विश्वविद्यालय से बाहर भी हम वृक्षारोपण अभियान चलाते रहेंगे। जिससे मानवता की सेवा हो सके। उन्होंने समाज के नागरिकों से अपील की कि सभी को मानवता की सेवा करते हुए पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अभियान में जो भी पौधा लगाया जाए उसकी परवरिश का जिम्मा जरूर उठाना चाहिए। जिससे वह बड़ा होकर लोगों को छांव दे सके। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में वृक्ष ही हमें जीवन दायिनी शक्ति प्रदान कर सकते हैं।

# एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्रों एवं अध्ययन केन्द्रों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## क्षेत्रीय केन्द्र कानपुर










एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत आज क्षेत्रीय केंद्र कानपुर पर योग विषय के छात्रों के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस उपलक्ष्य पर पारिजात यानी कि हरसिंगार आंवला, अशोक और कुछ फूलों के पौधे लगाए गए जिसमें सभी शिक्षार्थियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया यह पौधे क्षेत्रीय केंद्र के सामने बने डिवाइडर पर लगाए गए हैं जिससे उनकी नियमित देखभाल हो सके, इसका संकल्प सभी कर्मचारियों ने मिलकर लिया है कि हम पौधे की देखभाल स्वयं करेंगे।

## क्षेत्रीय केन्द्र गोरखपुर



## क्षेत्रीय केन्द्र झॉसी







एक पेड़ मां के नामष वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम, के अंतर्गत‟–2093 साईं कालेज आफ एजुकेशन, महोबा में  कार्यक्रम समन्वयक द्वारा सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## क्षेत्रीय केन्द्र आगरा







एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान 2025

जी.एस .ए.कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने इस अभियान के तहत वृक्षारोपण के लिए 12 पेड़ लगाए। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और मातृ शक्ति के सम्मान में की गई है।

कॉलेज ने इस अभियान के माध्यम से न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई है, बल्कि मातृ शक्ति के प्रति सम्मान भी प्रकट किया है।

कॉलेज भविष्य में भी ऐसे अभियानों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ




गायत्री विद्या पीठ पी जी कॉलेज ऋषिया बहराइच





















# क्षेत्रीय केन्द्र बरेली









# मुक्त विश्वविद्यालय में विश्व जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता रैली का आयोजन




दिनांक 11 जुलाई, 2025 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विद्याशाखा द्वारा आयोजित विश्व जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । रैली को विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया गया । रैली में विभिन्न प्रकार के जनसंख्या नियंत्रण के स्लोगन–

1 अधिक जनसंख्या एक विपत्ति है । विनाश की उत्पत्ति है ।।

2 जनसंख्या वृद्धि है श्राप। सतत विकास का करती नाश ॥

और नारे लगाए गए । रैली गंगा परिसर से प्रारंभ होकर सरस्वती परिसर तक आई । रैली में उपस्थित विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्याशाखाओं के निदेशकगण, प्रो0 आशुतोष गुप्ता, प्रो0 संतोषा कुमार, प्रो0 सत्यपाल तिवारी, एवं विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षकगण, प्रो0 पी0 के0 पाण्डेय, प्रो0 छत्रसाल सिंह, डॉ0 दिनेश सिंह, डॉ0 ज्ञानप्रकाश, डॉ0 आन्नदानंद त्रिपाठी, डॉ0 सतीश चन्द जैसल, डॉ0 सुनील कुमार, डॉ0 त्रिविक्रम तिवारी,आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो0 संतोषा कुमार एवं आयोजन सचिव डॉ0 मनोज कुमार सह– आयोजन सचिव डॉ0 सुबास चंद्र पाल, डॉ0 योगेश कुमार यादव, श्री राजेश सिंह रहे ।













## क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ

# पर्यावरण बचाओ विषय पर जागरुकता रैली का आयोजन

दिनांक 17 जुलाई, 2025 को पर्यावरण बचाओ विषय पर समाज कार्य के छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ से शुरू होकर वृंदावन कॉलोनी के विभिन्न स्थानों से होते हुए समाप्त हुई। रैली में क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ की समन्वयक, डॉ अलका वर्मा, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।
















## पौधा रोपण कार्यक्रम

दिनांक 17 जुलाई, 2025 को क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में डॉ दिनेश, अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, डॉ मनीष, डॉ आशीष कुमार, शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय लखनऊ, क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ की समन्वयक, डॉ अलका वर्मा, कर्मचारी एवं छात्रों द्वारा पौधारोपण किया गया।

दिनांक 17 जुलाई, 2025 को क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में से सोनी कुमारी, शोध छात्र विषय "Social Work Education in Open and Distance Learning Mode: A Study of State Open Universities in India education" समाज कार्य के छात्रों साथ Interacation तथा क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ की समन्वयक, डॉ अलका वर्मा चर्चा किया।



# हस्ताक्षर समारोह



## इंटर पास छात्रों को कौशल विकास के क्षेत्र में पारंगत करेगा मुविवि– प्रोफेसर सत्यकाम

### यूपी बोर्ड और यूपीआरटीओयू में शैक्षिक सहयोग के लिए हुआ एम ओ यू

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज और माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के बीच शुक्रवार दिनांक 18 जुलाई, 2025 को शैक्षिक सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन के उपरांत दोनों संस्थानों के बीच शैक्षिक सहयोग बढ़ेगा, जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण मिलेगा। इस समझौता ज्ञापन के तहत मुक्त विश्वविद्यालय ऐसे पाठ्यक्रम विकसित करेगा जो प्रतिवर्ष माध्यमिक शिक्षा परिषद से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले लाखों छात्रों की जरूरतों को पूरा करेंगे।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद छात्रों को रोजगार के क्षेत्र में मुक्त विश्वविद्यालय नई दिशा प्रदान करेगा। मुक्त विश्वविद्यालय इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों को विषय के चयन तथा कौशल विकास के क्षेत्र में भी पारंगत करेगा। यह कार्य मुक्त विश्वविद्यालय अपने सभी 12 क्षेत्रीय केन्द्रों एवं प्रदेश में स्थापित समस्त अध्ययन केन्द्रों के सहयोग से करेगा। जहां यूपी बोर्ड से 12 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों की उनकी रुचि के अनुसार विषयों के चयन की काउंसलिंग की जाएगी। जिससे वह अपने कैरियर का उन्नयन कर सकेंगे तथा रोजगार की संभावनाएं तलाशने में उन्हें दिग्भ्रमित नहीं होना पड़ेगा।






*समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के सचिव भगवती सिंह इा अवसर पर सतेन्द्र कुमार, अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रोफेसर संजय सिंह तथा श्रीमती पूनम मिश्रा, वित्त अधिकारी, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज*



माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद छात्रों को रोजगार के क्षेत्र में मुक्त विश्वविद्यालय नई दिशा प्रदान करेगा। मुक्त विश्वविद्यालय इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों को विषय के चयन तथा कौशल विकास के क्षेत्र में भी पारंगत करेगा। यह कार्य मुक्त विश्वविद्यालय अपने सभी 12 क्षेत्रीय केन्द्रों एवं प्रदेश में स्थापित समस्त अध्ययन केन्द्रों के सहयोग से करेगा। जहां यूपी बोर्ड से 12 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों की उनकी रुचि के अनुसार विषयों के चयन की काउंसलिंग की जाएगी। जिससे वह अपने कैरियर का उन्नयन कर सकेंगे तथा रोजगार की संभावनाएं तलाशने में उन्हें दिग्भ्रमित नहीं होना पड़ेगा।

इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के सचिव श्री भगवती सिंह ने कहा कि दोनों संस्थाओं के बीच एम ओ यू का उद्देश्य छात्रों के बीच शैक्षिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर पारस्परिक सहयोग, शैक्षणिक सहभागिता तथा सांस्कृतिक संपर्क को बढ़ाना है। श्री सिंह ने कहा कि इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों की विस्तृत जानकारी मुक्त विश्वविद्यालय के साथ साझा की जाएगी जिससे नए विषयों, नए कार्यक्रमों, कैरियर में उन्नति तथा प्रवेश पूर्व परामर्श कार्यक्रम की जानकारी ईमेल तथा एसएमएस आदि के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुंचाई जा सके और वह इससे लाभान्वित हो सकें।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम की उपस्थिति में इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के सचिव भगवती सिंह ने समझौता ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सतेन्द्र कुमार, अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रोफेसर संजय सिंह तथा श्रीमती पूनम मिश्रा, वित्त अधिकारी, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज उपस्थित रहीं।





# मुक्त विश्वविद्यालय में जल पुनर्भरण संरचना विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह व्याख्यान का आयोजन






उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शनिवार दिनांक 19 जुलाई, 2025 को जल पुनर्भरण संरचना विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह व्याख्यान का आयोजन समाज विज्ञान विद्याशाखा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर ए आर सिद्दीकी, पूर्व विभागाध्यक्ष, भूगोल, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज रहे तथा अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी ने की।



कार्यक्रम का संचालन डॉ. त्रिविक्रम तिवारी तथा वाचिक स्वागत प्रोफेसर संजय कुमार सिंह ने किया । आभार ज्ञापन कार्यक्रम निदेशक प्रोफेसर एस कुमार ने किया । कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य वक्ता प्रोफेसर ए आर सिद्दीकी एवं कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण से हुई। उसके उपरांत योग शिक्षक निकेत द्वारा विश्वविद्यालय के कुलगीत का प्रस्तुतीकरण किया गया।






कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. त्रिविक्रम तिवारी









वाचिक स्वागत काते हुए कार्याक्रम संयोजक प्रोफेसर संजय कुमार सिंह



# जल संचयन के लिए जनसहभागिता जरुरी : प्रोफेसर ए आर सिद्दीकी






कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर ए आर सिद्दीकी, पूर्व विभागाध्यक्ष, भूगोल, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने जल पुनर्भरण संरचना पर एक सैद्धांतिक ही नहीं अपितु एक व्यावहारिक एवं उपयोगी व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने कौशांबी, प्रयागराज शहर के समस्त वार्ड, कॉलोनी, तहसील, ब्लाक व गांव स्तर के पदानुक्रमिक क्रम में कृत्रिम पुनर्भरण संरचना के निर्माण उसकी उपयोगिता पर बल दिया। भविष्य में होने वाले जल संकट, जल संसाधन पर जनसंख्या के दबाव से उत्पन्न समस्याओं को उजागर करते हुए जल संचय की उपयोगिता, संवहनीयता, विकास आदि अनेक बिंदुओं को व्याख्यान में शामिल किया। चेन्नई , दिल्ली एवं अन्य महानगरों में जल की गुणवत्ता व उपलब्धता की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनकी समस्याओं के निदान हेतु भविष्य में कैसे नियोजित तरीके से कार्य किया जाए इस हेतु सुझाव दिया एवं उन्होंने कहा कि जल संचयन के लिए जनसहभागिता जरुरी है। उन्होंने अपने व्याख्यान को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अतिशय रुचिकर बना दिया।





# जल पुनर्भरण संरचना पर मुक्त विश्वविद्यालय बनायेगा डॉक्यूमेंट्री फिल्म – कुलपति





अध्यक्षीय उद्बोधन में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि शासकीय प्रशासकीय प्रयास ही काफी नहीं है जब तक कि जल संचय कृत्रिम पुनर्भरण संरचना को जन–जन तक पहुंचाया न जाए। इस हेतु उन्होंने विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, स्कूलों के सभी छात्रों को जागरुक किए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए सब की सहभागिता को अनिवार्य बताया। कुलपति प्रोफेसर सत्काम ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय जल पुनर्भरण संरचना पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएगा जिसे पूरे प्रदेश में छात्रों, अभिभावकों स्कूलों, कॉलेजो, विश्वविद्यालयो, किसानों, व्यवसायियों, उद्योगपतियों के बीच एक मुहिम के साथ डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई जाएगी। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि जल ही जीवन है। जल है तो कल है। उन्होंने कहा कि भूगोल ही नहीं अन्य विषयों में भी शिक्षकगण जल संकट व जल पुनर्भरण का प्रोजेक्ट अपने छात्रों से बनवाएं और उस पर अंक निर्धारित किये जायें, जिससे छात्र घर–घर जाकर जल पुनर्भरण संरचना का प्रचार प्रसार के साथ जनजागरूकता, जल के प्रति जन चेतना जागृत कर सके।







*आभार ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम निदेशक प्रोफेसर एस कुमार*







*राष्ट्रगान*



**Prayagraj जल पुनर्भरण संरचना पर मुक्त विश्वविद्यालय बनायेगा डॉक्यूमेंट्री फिल्म - कुलपति**

-विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रयागराज :– उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शनिवार को जल पुनर्भरण संरचना विषय

streetbuzz.co.in

**जल पुनर्भरण संरचना पर मुक्त विश्वविद्यालय बनायेगा डॉक्यूमेंट्री फिल्म - कुलपति**

https://streetbuzz.co.in/newsapp//view/post:572814

22:15




**प्रयागराज में स्थित UPRTOU में भूगोल विभाग द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन**

प्रयागराज में स्थित UPRTOU में भूगोल विभाग

youtube.com

प्रयागराज में स्थित UPRTOU के सभागार में भूगोल विभाग द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन कुलपति के द्वारा जल संचयन को लेकर किया गया जागरूक।

आप अपने क्षेत्र की ताजा खबरों को देखने के लिए अभी सब्सक्राइब करें **badlapurexpressnews** यूट्यूब न्यूज़ चैनल को और बेल आइकॉन को जरूर दबाएं धन्यवाद

https://youtu.be/AL1hYGf4MfU?si=Y6X5FX6NWxFkw6us

11:49


# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए पुस्तक का राज्यपाल ने किया विमोचन


## राज्यपाल ने की मुक्त विश्वविद्यालय के प्रयास की सराहना



*आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए तैयार कराए गए शैक्षिक कार्यक्रम बाल विकास एवं पोषण शिक्षा पर आधारित पाठ्य सामग्री, योग के विभिन्न आयामों एवं गर्भ संस्कार से संबंधित पुस्तकों का विमोचन करती हुई प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी*

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए तैयार कराए गए शैक्षिक कार्यक्रम बाल विकास एवं पोषण शिक्षा पर आधारित पाठ्य सामग्री का विमोचन प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने दिनांक 22 जुलाई, 2025 को लखनऊ में किया। उन्होंने पुस्तक तैयार करने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम की सराहना की तथा इसका कार्यक्रम को अधिक से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।




कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि बाल विकास एवं पोषण शिक्षा पर आधारित इस पुस्तक में बाल विकास की अवधारणा, बाल आहार एवं पोषण, बाल स्वास्थ्य सेवाएं एवं संगठन तथा बाल मनोविज्ञान का वर्णन किया गया है। प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि माननीया राज्यपाल एवं कुलाधिपति की सदइच्छाओं के अनुरूप मुक्त विश्वविद्यालय शैक्षिक दायित्वों के साथ–साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी लगातार नवप्रयास कर रहा है। प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए कोर्स प्रारंभ कर पुस्तक का प्रकाशन करना माननीया कुलाधिपति की ही प्रेरणा का ही परिणाम है। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि माननीया राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से विश्वविद्यालय ने प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्रियों के लिए तैयार किए गए प्रमाण पत्र कार्यक्रम में निःशुल्क शिक्षा की पहल की है। जिसमें प्रवेश लेने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में काफी उत्साह है। माननीया राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती पटेल ने आंगनबाड़ी के महत्व को रेखांकित करने वाली पुस्तक के अतिरिक्त योग के विभिन्न आयामों एवं गर्भ संस्कार से संबंधित पुस्तकों का भी विमोचन किया। ये पुस्तकें सामाजिक सरोकार के उद्देश्य से लिखी गई हैं।



प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विष्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में दिनांक 22 जुलाई, 2025 को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केन्द्र की सेवाओं के क्रियान्वयन हेतु 38 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालयों में सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क सेवाओं की सुविधा को विस्तार देने और पुस्तकालयों एवं रिसर्च संसाधनों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर सूचना एवं पुस्तकालय विज्ञान नेटवर्क केन्द्र के साथ उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने समझौता ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर किए। उक्त कार्यक्रम मे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 सत्यकाम, निदेशक सीका, प्रो0 आशुतोष गुप्ता, कुलसचिव, कर्नल विनय कुमार एवं उप पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ0 आर. जे. मौर्या उपस्थित रहे।

# मुक्त विश्वविद्यालय में अनुसंधान पुनश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन




उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में विश्वविद्यालय के तिलक शास्त्रार्थ सभागार में पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक दो सत्रों में दिनांक 26 जुलाई, 2025 को अनुसंधान पुनश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो सत्यकाम जी ने की।

कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के निदेशक प्रोफेसर प्रदीप कुमार पाण्डेय ने किया। औपचारिक स्वागत उपरांत कार्यक्रम के प्रथम सत्र में शोध सहायता सेवा विषय पर विश्वविद्यालय के याज्ञवल्क्य केन्द्रीय पुस्तकालय के प्रभारी डॉ आर. जे. मौर्य ने आनलाइन प्रस्तुतीकरण के साथ विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध शोध सहायता सेवाओं के विषय में जानकारी देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को सेवाओं के प्रयोग का अभ्यास भी कराया।

प्रोफेसर प्रदीप कुमार पाण्डेय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में 62 शोधार्थियों तथा 16 शोध निर्देशकों द्वारा प्रतिभाग किया।









*कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत करते हुए शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के निदेशक प्रोफेसर प्रदीप कुमार पाण्डेय*








*आनलाइन प्रस्तुतीकरण के साथ विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध शोध सहायता सेवाओं के विषय में जानकारी देते हुए केन्द्रीय पुस्तकालय के प्रभारी डॉ आर. जे. मौर्य*



# शोध सहायता सेवाओं का अधिकतम लाभ उठायें – कुलपति





कार्यक्रम के द्वितीय सत्र को माननीय कुलपति द्वारा संबोधित किया गया। माननीय कुलपति जी ने सभी प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध शोध सहायता सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाते हुए गुणवत्तायुक्त शोध करने के लिए अभिप्रेरित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में अनुसंधान के क्षेत्र में देश की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को रेखांकित करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय जारी किए गए दिशा–निर्देशों एवं प्रावधानों के प्रति सजग किया। अन्त में उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी शोधार्थियों की प्रत्येक माह में एक बार सामूहिक बैठक आहूत करने तथा उस बैठक में शोधार्थियों द्वारा माह भर की अपनी अपनी शोध प्रगति के प्रस्तुतीकरण करवाने हेतु शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के निदेशक को निर्देशित किया।







*शोध छात्र–छात्राओं के साथ माननीय कुलपति जी*

29 जुलाई, 2025

# शिष्टाचार भेंट



101 बटालियन आर.ए.एफ. (RAF) प्रयागराज के नवनियुक्त कमान्डेन्ट, श्री मनीष कुमार भारती जी ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के माननीय कुलपति, प्राफेसर सत्यकाम जी से दिनांक 29 जुलाई, 2025 को शिष्टाचार भेंट की।

# मुक्त विश्वविद्यालय में प्रेमचंद की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन



*मंचासीन माननीय अतिथिगण*




उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के मानविकी विद्याशाखा के तत्वावधान में महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर 31 जुलाई को प्रातः 11:30 बजे सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में प्रेमचंद की जीवन दृष्टि विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्रोफेसर जितेन्द्र श्रीवास्तव, आचार्य, हिन्दी, मानविकी विद्यापीठ, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली रहे तथा अध्यक्षता हिंदी साहित्य के विद्वान प्रोफेसर सत्यकाम, कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने की। इस अवसर पर समारोह में उपस्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव का स्वागत कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने किया।





*दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए माननीय अतिथिगण*




कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अब्दुल रहमान








विश्वविद्यालय कुलगीत प्रस्तुत करते हुए श्री निकेत सिंह






प्रोफेसर नागेश्वर राव जी, पूर्व कुलपति, इग्नू एवं यूपीआरटीओयू एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर जितेन्द्र श्रीवास्तव, आचार्य, हिन्दी, मानविकी विद्यापीठ, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी

विश्वविद्यालय

के

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी

को पुष्पगुच्छ भेंट कर

उनका स्वागत

करते हुए कार्यक्रम संयोजक


प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी












*मुख्य वक्ता एवं अन्य अतिथियों का वाचिक स्वागत एवं विषय प्रवर्तन करते हुए मानविकी विद्याशाखा के निदेशक तथा गोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी*







इसके पूर्व मुख्य वक्ता एवं अन्य अतिथियों का वाचिक स्वागत एवं विषय प्रवर्तन करते हुए मानविकी विद्याशाखा के निदेशक तथा गोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी ने मुंशी प्रेमचन्द जी को युग निर्माता एवं युग प्रवर्तक बताते हुए कहा कि जब तक साहित्य में जीवन का बारीकी से चित्रण नहीं किया जाता तब तक वह साहित्य नहीं होता। मुंशी प्रेमचन्द ने हिन्दी की लगभग सभी विधाओं में लेखन कार्य किया। हिन्दी और उर्दू में सजीव सामंजस्य स्थापित करने वाला कोई अन्य साहित्यकार मुंशी प्रेमचन्द से बेहतर नहीं दिखायी पड़ता।

संचालन डॉ अब्दुल रहमान एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक, शिक्षक, शोध छात्र, गणमान्य नागरिक, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# प्रेमचंद के साहित्य में लोक कल्याण की भावना – प्रोफेसर जितेन्द्र श्रीवास्तव



उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में सुप्रसिद्ध कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को आयोजित संगोष्ठी के मुख्य वक्ता मुख्य वक्ता प्रोफेसर जितेन्द्र श्रीवास्तव, आचार्य, हिन्दी, मानविकी विद्यापीठ, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद अपनी राष्ट्रीय, सांस्कृतिक परंपरा के साथ जुड़े रहे इसीलिए वे आज भी प्रासंगिक हैं। प्रेमचंद के साहित्य में लोक कल्याण की भावना दिखाई पड़ती है। प्रेमचंद भारतीय जीवन मूल्यों को लेकर हमेशा सचेत रहे। उन्होंने किसान को नायक के रूप में खड़ा कर दिया। सौंदर्य का प्रतिमान बदल कर बताया।

मुंशी प्रेमचंद अपनी रचना दृष्टि के कारण ही 90 वर्ष बाद भी आधुनिक मानव मन एवं चित्त के निकट हैं और उनकी रचनाएँ वर्तमान समय में सर्वाधिक पढ़ी जा रही हैं। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि सच्चा लेखक वही होता है जो मनुष्य मार्गी हो। आम से लेकर खास जनमानस को अपनी दृष्टि में लेकर चले। यह कार्य मुंशी प्रेमचंद ने करके दिखलाया। प्रेमचन्द की रचनाओं में किसान, वंचित एवं शोषित जन ही नायक होता था।



# प्रेमचंद की दृष्टि वैश्विक थी। – कुलपति




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति आचार्य सत्यकाम ने कहा कि प्रेमचंद की दृष्टि वैश्विक थी। वह किसानों के हित की बात कर रहे थे। उनकी रचनाओं में तत्कालीन सामाजिक वातावरण का ही वर्णन मिलता है जो कि सत्य के करीब था। महान लेखन हमेशा अपने काल से आगे रहता है। प्रेमचंद की जीवन दृष्टि इसीलिए वैश्विक है। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने अपने बुल्गारिया प्रवास के दौरान छात्रों द्वारा मुंशी प्रेमचंद पर किये गये कार्य का संस्मरण भी सुनाया। जिससे प्रेमचंद की लोकप्रियता के वैश्विक दायरे का पता चलता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध हर विषय को कहानी एवं साहित्य के माध्यम से समझने की कोशिश की जाए तो विषय की सरलता स्पष्ट हो जाएगी। इसके लिए उन्होंने शिक्षा विद्या शाखा को बड़े भाई साहब कहानी अपने सिलेबस में रखने का सुझाव दिया।









प्रोफेसर नागेश्वर राव जी, पूर्व कुलपति, इग्नू एवं यूपीआरटीओयू एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर जितेन्द्र श्रीवास्तव, आचार्य, हिन्दी, मानविकी विद्यापीठ, इग्नू को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी




आभार ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्ता



राष्ट्रगान